


प्रकाशन का
107 वाँ वर्ष

अजेय

3 रूपये मात्र



लखनऊ, शनिवार 31 अक्टूबर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

देश में अफरा-तफरी पहुंचाना ही उनका मकसद-मोदी

प्रधानमंत्री का विपक्ष पर निशाना, आखिरी सांस तक देश सेवा का संकल्प

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए आरोप लगाया कि कुछ लोग देश को संकट में देखकर खुश होते हैं। जब देश किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, तो उनका मकसद पूरे देश में अफरा-तफरी फैलाना और मोदी को बदनाम करना होता है। पीएम मोदी ने कहा कि किसान, युवा और महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं, लेकिन कुछ लोगों को देश की तरक्की रास नहीं आ रही है। उन्होंने कहाकि मैं अपनी आखिरी सांस तक भारत की जनता की सेवा करता रहूंगा। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ दिन पहले



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक कार्यक्रम में दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक विवाद हुआ था। खड़गे ने कहा था, मोदी का बाप भी जाएगा। हालांकि, मोदी ने अपने भाषण में खड़गे का सीधे नाम नहीं लिया। प्रधानमंत्री की सभा में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियों की जगह चारपाइयों की व्यवस्था की गई थी। इस पर मोदी ने कहा कि देश के लोगों के लिए यह अजूबा होगा कि किसी जनसभा में सभी लोग चारपाइयों पर बैठे हैं। प्रधानमंत्री ने गुजरात के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य के लोगों से उन्हें जो स्नेह मिला है, वह उनके लिए बेहद खास है। डीसा के पास भिलडी में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने राजनीतिक सफर को याद किया। मोदी ने कहा, मैं जीवनभर गुजरात का ऋणी रहूंगा। दिल्ली जाने के बाद मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह गुजरात के लोगों की बदौलत है। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों ने एक ऐसे गांव के लड़के को, जिसने कभी इतने बड़े सपने देखने की हिम्मत भी नहीं की थी, देश की जिम्मेदारी संभालने का अवसर दिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि 7 अक्टूबर को सरकार के मुखिया के रूप में उनके 25 साल पूरे हुए। उन्होंने कहा कि जब लोग उन्हें आपणा नरेंद्रभाई कहकर बुलाते हैं, तो उनका सीना गर्व से फूल जाता है।

आलू से सोना बनाने वाले बयान पर मोदी का तंज

बनासकांठा में आलू उत्पादन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां का आलू दुनियाभर में मशहूर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बनासकांठा में आकर कोई यह नहीं कहता कि आलू से सोना बनाएंगे, क्योंकि यहां के लोग पहले ही आलू से सोना बना रहे हैं।

6 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने 6 राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का शेड्यूल बदल दिया। आयोग ने दिल्ली और महाराष्ट्र में मतदाताओं को नाम जुड़वाने, कटवाने या किसी गड़बड़ी पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। वहीं, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना और नगालैंड में नोटिस के निपटारे की समयसीमा बढ़ाई गई है। नए शेड्यूल के मुताबिक, महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में फाइनल वोटर लिस्ट 30 नवंबर को और दिल्ली में 22 दिसंबर को जारी होगी। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें छूटे हुए मतदाताओं को दावा-आपत्ति का पर्याप्त मौका देने और प्रक्रिया में जल्दबाजी न करने पर जोर दिया गया था। कोर्ट ने 28 अक्टूबर को चुनाव आयोग से पूछा था कि इन राज्यों में अभी चुनाव नहीं हैं, फिर इतनी जल्दबाजी क्यों।

आईएनएस विक्रांत पर राफेल मरीन की पहली लैंडिंग सफल

नौसेना में शामिल करने की दिशा में अहम ट्रायल



देहरादून। भारतीय नौसेना को बड़ी कामयाबी मिली है। राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने 29 अक्टूबर को स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की। इस ट्रायल के साथ भारतीय नौसेना में राफेल मरीन विमानों के संचालन की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। भारत ने फ्रांस से 26 विमान खरीदने के लिए 63,000 करोड़ का रक्षा समझौता किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 29 अक्तूबर को राफेल मरीन विमान ने आईएनएस विक्रांत के रनवे पर पहली ही कोशिश में सुरक्षित टचडाउन किया। इस परीक्षण का प्राथमिक उद्देश्य विमानवाहक पोत के स्की-जंप और अरेस्टिंग वायर सिस्टम के साथ विमान के तकनीकी तालमेल को सत्यापित करना था। नौसेना इसके संचालन के लिए आवश्यक संशोधनों का आकलन करने के उद्देश्य से गोवा में पहले से ही राफेल एम के व्यापक उड़ान परीक्षण आयोजित कर रही थी। समझौते के अनुसार, सभी 26 राफेल मरीन विमानों की आपूर्ति 2030 तक पूरी कर ली जाएगी। दोनों देशों के पायलट और तकनीकी कर्मी फ्रांस और भारत में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस रक्षा डील के तहत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का प्रावधान भी है, जिससे विमानों में भारत निर्मित स्वदेशी मिसाइलों और हथियारों को जोड़ा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त भारत में राफेल के फ्यूजलेज विनिर्माण, इंजनों की मरम्मत और हथियारों के रखरखाव के लिए विशेष सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। वर्तमान में राफेल मरीन विमानों का संचालन केवल फ्रांसीसी नौसेना द्वारा किया जाता है। समुद्र में वाहक पोतों से संचालन के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए ये विमान नौसेना की वायु रक्षा और सटीक जमीनी हमलों की क्षमता में व्यापक इजाफा करेंगे।

सौरव दास की नागरिकता की होगी जांच

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरव दास की पहचान और राष्ट्रीयता की जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, सौरव दास और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में दास की नागरिकता और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच कराने के साथ ही उनके सोशल मीडिया खातों को बंद करने की मांग भी की गई है। मामला अब अदालत में विचाराधीन है। मद्रास हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने सौरव दास, केंद्र सरकार और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए उनका जवाब मांगा है। अदालत ने मामले को छह सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। यानी अब संबंधित पक्षों को याचिका में लगाए गए आरोपों और मांगों पर अपना पक्ष रखना होगा। यह याचिका तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के रहने वाले गणेश कुमार ने दायर की है। इसका शीर्षक गणेश कुमार बनाम क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी है। याचिकाकर्ता ने अदालत से दास की पहचान, राष्ट्रीयता और उनके पारिवारिक इतिहास की जांच कराने की मांग की है।

सहमति से बने संबंध ब्रेकअप के बाद रेप नहीं- सुप्रीम कोर्ट

हर टूटे रिश्ते को रेप केस में बदलना गलत; आरोपी बरी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वयस्क युवक-युवती के बीच आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंधों को ब्रेकअप के बाद रेप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने शादी का वादा करके रिलेशन बनाने के आरोप वाले मामले में एक व्यक्ति को आरोपों से मुक्त कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि प्रेम और आपसी सहमति वाले रिश्ते में बने संबंधों को ब्रेकअप के बाद अपराध नहीं बनाया जा सकता। हर टूटे रिश्ते को रेप का



मामला बनाना गलत है। हालांकि, अगर शुरुआत से ही शादी का झूठा वादा करके या धोखे से सहमति हासिल की गई थी, तो मामला अलग होगा। ऐसे मामलों में यह देखना जरूरी है कि क्या सहमति वास्तव में धोखे पर आधारित थी रेप का आरोप का डर दिखाना गलत- किसी पुरुष पर सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला दर्ज करना उचित नहीं है, क्योंकि उसने रिश्ता खत्म करने का फैसला किया है। रेप के आरोप का डर दिखाकर किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रिश्ते में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। रेप कानून का दुरुपयोग न हो- किसी को परेशान करने या बदला लेने के लिए रेप कानून का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। आपसी सहमति से बने रिश्ते और शुरुआत से ही धोखे या जबरदस्ती के आधार पर बनाए गए रिश्ते अलग-अलग हैं। रेप केस में सख्त सजा हो- किसी भी मामले में आरोपों की सच्चाई और उपलब्ध सबूतों की जांच करने के बाद ही उचित कानूनी फैसला लिया जाना चाहिए। यौन हिंसा, जबरदस्ती या धोखे के सबूत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। महिलाओं की परेशानी समझें- कई महिलाएं परिवार की इज्जत और सामाजिक बदनामी के डर से यौन हिंसा की शिकायत नहीं कर पातीं।

संजय राउत ने की पीएम मोदी की तारीफ

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के नेता और सांसद संजय राउत अपनी नई किताब बोध कीर्तन में कुछ ऐसे विचार लेकर आए हैं, जो राजनीतिक और कारोबारी जगत में चर्चा का विषय बन सकते हैं। किताब में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी घोषित किए जा चुके विजय माल्या का बचाव किया है। राउत ने माल्या को धोखेबाज मानने से इनकार करते हुए कहा है कि उनका कारोबार डूब गया था और कर्ज नहीं चुका पाने के बाद वह भारत से चले गए। दिलचस्प बात यह है कि इसी किताब में राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गैर-राजनीतिक भाषणों की तारीफ भी की है। उन्होंने अयोध्या के



दीपोत्सव पर मोदी के भाषण को खास बताया है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहाकि पेपर बैलट का उपयोग करके चुनाव कराने की कोशिश करें, और बीजेपी अगले 100 वर्षों के लिए घर बैठने पर मजबूर हो जाएगी। उन्होंने कोल्हापुर में गोकुल दूध उत्पादक संघ के चुनाव का भी हवाला दिया, जो पेपर बैलट का उपयोग करके आयोजित किया गया था।

